सेवा में,

सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
ग्लोबटेक क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड
जनपद महाराजगंज

विषय : पत्रांक 48037 दिनांक 03-02-2026 के संदर्भ में स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए जाने संबंध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि आपके पत्र संख्या 48037 दिनांक 03-02-2026 के क्रम में निम्नलिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर रहा हूँ—

मैं विगत 20 वर्षों से अधिक समय से विभाग में पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्यरत हूँ। मेरे सम्पूर्ण सेवाकाल में आज तक मेरे विरुद्ध किसी भी अधिकारी द्वारा कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित नहीं की गई है, जो मेरे कार्य व्यवहार एवं ईमानदारी का प्रमाण है।मेरे कार्यक्षेत्र के अंतर्गत जिस फीडर का कार्यभार मुझे सौंपा गया है, उस पर केवल मैं एवं एक अन्य लाइन स्टाफ (श्री रुपेश सरोज) ही कार्यरत हैं। स्टाफ की अत्यधिक कमी के कारण, हमारे क्षेत्र में जब भी विद्युत वितरण संबंधी कार्य, यथा राजस्व वसूली,मरम्मत या अन्य तकनीकी कारणों से लाइन काटी जाती है, उसके उपरांत बार-बार लाइन जोड़ने की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। इस संपूर्ण स्थिति की सूचना समय-समय पर लगातार अवर अभियंता महोदय एवं उपखंड/अखंड अधिकारी महोदय को दी जाती रही है। इसके बावजूद मेरे विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही किए जाने का प्रयास किया जा रहा है, जो अत्यंत अन्यायपूर्ण एवं पीड़ादायक है। मैंने हमेशा विभागीय निर्देशों का पालन किया है तथा किसी भी स्तर पर अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटा हूँ।मेरा कार्यक्षेत्र अत्यंत कठिन एवं संवेदनशील है, क्योंकि इस क्षेत्र के अधिकांश उपभोक्ता बीपीएल श्रेणी के हैं एवं दैनिक मजदूरी पर निर्भर हैं। ऐसे उपभोक्ताओं से जब भी राजस्व वसूली हेतु संपर्क किया जाता है, तो वे तत्काल भुगतान करने की स्थिति में नहीं होते। इसके बावजूद मैंने लगातार उन्हें समझाने का प्रयास किया, विद्युत बिल राहत योजना (OTS) की जानकारी दी तथा भुगतान हेतु प्रेरित किया। मैं यह भी स्पष्ट करना चाहता हूँ कि मैंने लगातार अपने उच्च अधिकारियों से सहयोग एवं मार्गदर्शन की मांग की, किंतु अपेक्षित स्तर पर ध्यान एवं सहयोग न मिल पाने के कारण कहीं न कहीं OTS योजना के अंतर्गत अपेक्षित प्रगति प्रभावित हुई है। इसमें किसी भी प्रकार की जानबूझकर की गई लापरवाही या राजस्व को क्षति पहुँचाने की मंशा नहीं रही है।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि मेरे दीर्घ एवं निष्कलंक सेवाकाल, कार्यक्षेत्र की वास्तविक कठिन परिस्थितियों, स्टाफ की कमी एवं मेरे द्वारा समय-समय पर दी गई सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए मेरे विरुद्ध की जा रही कार्यवाही पर सहानुभूतिपूर्वक पुनर्विचार करने की कृपा करें।

मैं भविष्य में भी पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ विभागीय कार्य करता रहूँगा।

संजय गुप्ता s/o मुंशी लाल गुप्ता
(निविदाकर्मी)
33/11 के० वी० विधुत
उपकेन्द्र –लेदुका,जौनपुर ।

प्रतिलिपि – निम्लिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी अभियंता विधुत वितरण खंड बदलापुर।
2. उपखण्ड अधिकारी सिंगरामऊ।
3. अवर अभियन्ता लेदुका।

सुपरवाइजर मै. ग्लोबटेक क्रिएशन प्रा.लि.

महोदय,
उक्त कार्मिक (संविदा कार्मिक) को सिंगरामऊ उपखण्ड के अन्तर्गत दूसरे उपकेन्द्र पर स्थानान्तरण करने की कृपा करें। भविष्य में यदि उक्त कार्मिक की प्रगति सही रहती है तो वापस उसी उपकेन्द्र पर कार्य की अनुमति करें।

[illegible signature]
SDO Singramau

Scanned with OKEN Scanner